>

Title: Need to stop land erosion caused by the river Ganga in Maner block under Pataliputra parliamentary constituency, Bihar.

प्रो. रंजन प्रसाद यादव (पाटलिपुत्र): मैं मनेर प्रखंड, पटना (बिहार) मे गंगा नदी के बहाव के कारण हो रहे भूमि कटाव के संबंध में केंद्रीय सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं।

मनेर प्रखंड मेरे संसदीय क्षेत्र पाटलीपुत्र में आता है। अनुमंडल पदाधिकारी की एक रिपोर्ट के अनुसार मनेर प्रखंड के महावी टोला, कित्ता-चौहत्तर, कित्ता -छिहत्तर, इत्यादि जगहों पर गंगा नदी के बहाव के कारण भूमि का अत्यधिक कटाव हो रहा है। वर्षा ऋतु में गंगा नदी का पानी बढ़ने से यह कटाव प्रतिवर्ष होता है। फलस्वरूप आसपास के गांवों एवं वहां रहने वाले लोगों पर खतरा बना रहता है।

गंगा कटाव होने से लोग काफी डरे हुए हैं तथा यहां की जनता को प्रतिवर्ष काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

अतः मेरा जल संसाधन मंत्री जी से अनुरोध है कि इस गंगा कटाव को तुंत रोकने हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दें तथा इस संबंध में दीर्घकालीन योजना भी बनाई जाये जिससे भविष्य में गांवों तथा उनमें रहने वाले लोग सुरक्षित हो सकें तथा यहाँ की जनता सुखमय और जोखिममुक्त जिंदगी बिता सके।